# बिहार विधान परिषद्

**207वां सत्र**

**तारांकित प्रश्न**

## 23 जुलाई 2024

----

: [**ऊर्जा - उद्योग - स्वास्थ्य - अल्पसंख्यक कल्याण - गन्ना उद्योग - संसदीय कार्य - विधि लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग** ].

**कुल प्रश्न 37**

----

### नल जल योजना को चालू कराने के संबंध में

*1 **प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या मंत्री, **लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) क्या यह सही है कि नल जल योजना बेगूसराय के अधिकांश प्रखंडों में विफल है,

(ख) क्या यह सही है कि बेगूसराय जिले के मटिहानी प्रखंड के अंतर्गत सफापुर पंचायत के कई गांव की सड़क को पाईप बिछाने के क्रम में तोड़ने के बाद मरम्मत नहीं किया गया है,

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नल जल योजना को चालू कराने एवं सड़क की मरम्मति करना चाहती है?

----

### हर घर नल का जल

*2 **श्री कुमार नागेन्द्र (स्थानीय प्राधिकार, जहानाबाद, गया एवं अरवल ):**

क्या मंत्री, **लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) क्या यह सही है कि राज्य के गया-जहानाबाद एवं अरवल जिले में "हर घर नल का

जल" योजना से ग्रामीण इलाकों में पेयजल की पूर्ति नहीं हो पा रही है , क्योंकि हर घर नल का जल योजना प्रायः किसी न किसी कारणवश बाधित ही रहती है,

(ख) क्या यह सही है कि यदि इस समस्या के समाधान हेतु अविलंब बी. पी. एल (गरीबी रेखा से नीचे) परिवारों को चिन्हित कर एक-एक चापाकल लगवाया जाए तो लगभग पेयजल की समस्या का समाधान हो जाएगा,

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार शीघ्र इन जिलों में प्रत्येक बी. पी. एल (गरीबी रेखा से नीचे) परिवारों को चिन्हित कर एक-एक चापाकल अविलंब देने का विचार रखती है,यदि हां तो कबतक नहीं तो क्यों?

----

## स्वास्थ्य केन्द्रों का भवन निर्माण

*3 **श्रीमती निवेदिता सिंह (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत सासाराम, डेहरी-ऑन-सोन, बिक्रमगंज अनुमंडल के अतिरिक्त प्रा. स्वास्थ्य केन्द्र विभिन्न जगहों तथा उप स्वास्थ्य केन्द्र जमरोढ, लिलवछ, रेदियाकला, चेनारी, मोना एवं विभिन्न जगहों के पास जमीन उपलब्ध होने के बावजूद भवन उपलब्ध नहीं है; जिस कारण चिकित्सक/कर्मी के साथ मरीजों को काफी परेशानी होती है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार वर्णित अति. प्रा. स्वास्थ्य केन्द्रों एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों का भवन निर्माण कब तक कराने का विचार रखती है , यदि हां तो कबतक नहीं तो क्यों?

----

## प्रोत्साहन राशि लाभार्थियों को प्रदान करने का विचार

*4 **श्री महेश्वर सिंह (पूर्वी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि पूर्वी चंपारण जिला, मोतिहारी में बड़े पैमाने पर महिलाओं को परिवार नियोजन की प्रोत्साहन राशि नहीं दी गई है जिसमें सिर्फ मधुबन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की 102 महिलाओं की प्रोत्साहन राशि बाकी है;

(ख) क्या यह सही है कि यह स्थिति तब है, जबकि पूर्व में जिलाधिकारी तथा सिविल सर्जन ने सदर अस्पताल सहित सभी प्राथमिक चिकित्सा केंद्र प्रभारी को परिवार नियोजन करानेवाली महिला तथा नसबंदी करानेवाले पुरुष सहित मोटिवेटर एवं डॉक्टर को प्रोत्साहन राशि का भुगतान करने का निदेश दिया था ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जांच कराकर

शीघ्र प्रोत्साहन राशि लाभार्थियों को प्रोत्साहन राशि प्रदान करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, यदि नहीं तो क्यों?

----

## हर घर नल जल योजना का कनेक्शन चालू नहीं

*5 **डा. प्रमोद कुमार (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) क्या यह सही है कि जिला- जहानाबाद, प्रखण्ड- काको, पंचायत- नेरथुआ, ग्राम- किशुन बिगहा, वार्ड संख्या- 14 में मांझी परिवारों की बस्ती है;

(ख) क्या यह सही है कि इन मांझी परिवारों की बस्ती में नल जल योजना का कनेक्शन नली निर्माण आदि कार्यों के कारण छिन्न- भिन्न हो गया, जिस कारण हर घर नल जल योजना से अभी तक कुछ परिवारों को छोड़कर अधिकतम परिवार नल जल योजना से वंचित हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं ,तो सरकार जिला- जहानाबाद, प्रखण्ड- काको, पंचायत- नेरथुआ, ग्राम- किशुन बिगहा, वार्ड संख्या- 14 में मांझी परिवारों की बस्ती में हर घर नल जल का कनेक्शन सुचारू रूप से पुनः चालू करना चाहती है, यदि हां तो कब तक नहीं तो क्यों ?

----

## गुणवत्ता मानक कायाकल्प प्रमाण पत्र

*6 **श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) क्या यह सही है कि शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (NQAS) में शामिल है;

(ख) क्या यह सही है कि शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जनरल क्लिनिक, मैटरनल हेल्थ, न्यू बोर्न एवं चाइल्ड हेल्थ, टीकाकरण, परिवार नियोजन, संचारी एवं गैर संचारी रोग, ड्रेसिंग रूम, लैबोरेट्री आदि की सुविधा का अनुपालन स्वास्थ्य मानकों के अनुरूप हो रहा है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं ,तो क्या सरकार अस्पताल को गुणवत्ता मानक कायाकल्प प्रमाण पत्र दिलाने हेतु सरकार द्वारा की जाने वाली कार्रवाई से सदन को अवगत कराना चाहती है, यदि हाँ तो कबतक ?

----

## अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय का संचालन

*7 **प्रो. गुलाम गौस (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **अल्पसंख्यक कल्याण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य के 13 जिलों में अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय के संचालन एवं पठन-पाठन का कार्य आरंभ करने के लिए 481 पदों का सृजन किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय के संचालन के लिए सृजित 481 पद पर अभी तक किसी की नियुक्ति नहीं की गई है;

(ग) क्या यह सही है कि राज्य के एक भी जिला में पठन-पाठन का कार्य शुरू नहीं किया गया है जबकि 3 जिला दरभंगा, किशनगंज एवं पूर्णियां में अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय का भवन बनकर तैयार है;

(घ) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार सृजित पदों पर नियुक्ति एवं निर्मित भवनों में पठन-पाठन का कार्य कबतक करना चाहती है?

----

## फार्मेसी काउंसिल कमिटी का शीघ्र गठन

*8 **श्री सौरभ कुमार (पश्चिमी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सूबे में लगभग 10 हजार फार्मासिस्टों का रजिस्ट्रेशन पेंडिंग है;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य में बी.फार्मा एवं डी.फार्मा करने वाले छात्र रजिस्ट्रेशन नहीं करा पा रहे हैं, नौकरी के लिए कहीं आवेदन नहीं डाल पा रहे हैं और न ही अपनी दवा दुकान खोल पा रहे हैं;

(ग) क्या यह सही है कि सरकारी अस्पतालों में व्यापक रूप से फार्मासिस्टों की कमी है, दवा वितरण का कार्य अन्य अयोग्य कर्मचारियों से कराया जाता है;

(घ) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार फार्मेसी काउंसिल कमिटी का शीघ्र गठन कर समस्या का निदान कराना चाहती है, यदि हां तो कब तक ?

----

## भुगतान कबतक

*9 **श्री घनश्याम ठाकुर (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) क्या यह सही है सात निश्चय योजना के अंतर्गत नल जल योजना, हर घर नल का जल उपलब्ध करवाया गया था;

(ख) क्या यह सही है कि मधुबनी जिले के ककरोल दक्षिणी, बसौली के साथ-साथ अधिकांश पंचायत में सात निश्चय योजना के तहत कराए गए नल जल योजना का कार्य फंड की कमी के कारण अधूरा पड़ा है;

(ग) क्या यह सही है कि वार्ड क्रियान्वयन समिति को हर घर नल का जल, योजना के काम का निष्पादन करना था;

(घ) क्या यह सही है कि वार्ड क्रियान्वयन समिति के द्वारा कार्य का निष्पादन MB बुक होने के कई वर्षों बाद भी आज तक उनका भुगतान नहीं हो सका है;

(ङ) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वार्ड क्रियान्वयन समिति को MB बुक के अनुसार भुगतान करना चाहती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## व्यवहार न्यायालय भवन निर्माण

*10 **डा. उर्मिला ठाकुर (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **विधि** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) क्या यह सही है कि बेगूसराय जिला के बखरी अनुमंडल के निवासियों को न्याय पाने में सहुलियत हेतु दिनांक 08.05.2015 को बखरी अनुमंडल मुख्यालय भवन में, व्यवहार न्यायालय वर्षों से अब तक संचालित है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त व्यवहार न्यायालय का अपना भवन निर्माण हेतु माननीय पटना उच्च न्यायालय, पटना के निर्देश के आलोक में भी बखरी अनुमंडल मुख्यालय से एक किलोमीटर की दूरी पर ज़मीन अधिग्रहण में सरकार के विधि विभाग और राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के बीच तालमेल के अभाव के कारण जमीन अधिग्रहण में सरकार असफल साबित हो रही है;

(ग) क्या यह सही है कि बेगूसराय जिला मुख्यालय और बखरी अनुमंडल मुख्यालय के बीच की दूरी लगभग 35 किलोमीटर होने से स्थानीय लोगों को न्यायालय संबंधी एवं अन्य कार्यों के निष्पादन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बेगूसराय जिला के

बखरी अनुमंडल मुख्यालय से एक किलोमीटर की दूरी पर ही शीघ्र जमीन अधिग्रहण करते हुए व्यवहार न्यायालय भवन का निर्माण कराना चाहती है, यदि हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## नल-जल का कनेक्शन

*11 **श्री अशोक कुमार (स्थानीय प्राधिकार, नवादा):**

क्या मंत्री, **लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि नवादा जिला अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायत में नल-जल की योजना चलाई गई थी जिसमें कई ऐसे नई बसावट हैं जहाँ नल-जल का कनेक्शन नहीं दिया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि विभिन्न ग्राम पंचायतों की नई बसावट में नल-जल का कनेक्शन नहीं रहने के कारण ग्रामीणों को पानी की आपूर्ति सही ढंग से नहीं हो पाती है जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी होती है;

(ग) यदि उपरोक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नवादा जिला अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतो की नई बसावटों में नल-जल का कनेक्शन करवाना चाहती है, यदि हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## पदस्थापन के संबंध में।

*12 **श्री अनिल कुमार (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि जहानाबाद सदर अस्पताल में डॉक्टर दिनेश कुमार का पदस्थापन एक ही जगह पर विगत कई वर्षों से है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त चिकित्सक का पदस्थापन कई वर्षों से एक ही जगह पर होने से अपने कार्यों के प्रति रुचि नहीं लेते हैं;

(ग) यदि उपयुक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कई वर्षों से एक ही जगह पर पदस्थापित चिकित्सक को किसी अन्य जिला के अस्पताल में स्थानांतरण कराना चाहती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## चाहरदीवारी का निर्माण

***13 श्री सच्चिदानंद राय (स्थानीय प्राधिकार, सारण):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सारण जिला अंतर्गत प्रखण्ड बनियापुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चाहरदीवारी का निर्माण अब तक अधूरा है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त स्वास्थ्य केंद्र के परिसर को अतिक्रमणकारियो द्वारा अतिक्रमित कर लिया गया है;

(ग) यदि उपयुक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केंद्र के अर्धनिर्मित चाहरदीवारी का निर्माण पूर्ण कराने का विचार रखती हैं, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## शव-गृह का जीर्णोद्धार एवं नवीनीकरण

***14 श्री भीसम साहनी (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिलान्तर्गत अनुमंडल अस्पताल, बगहा में शव-गृह का निर्माण कराया गया था;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त शव-गृह भवन का इस्तेमाल नहीं किये जाने के कारण यह जर्जर एवं क्षतिग्रस्त हो गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त शव-गृह का जीर्णोद्धार एवं नवीनीकरण करा कर संचालन करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## बकाया राशि का भुगतान

***15 श्रीमती शशि यादव (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि आशा संयुक्त संघर्ष मंच द्वारा 2023 में हुई हड़ताल के दौरान 8 सूत्री मांगों पर सरकार और आशा कार्यकर्ताओं के प्रतिनिधियों के साथ दिनांक 11.08.23 को वार्ता हुई थी और तदुपरांत दिनांक 12.08.23 को (पत्रांक संख्या SHSB/GA/ASHA/7269/2022/3039) सहमति पत्र निर्गत हुआ था;

(ख) क्या यह सही है कि वार्ता में उसी समय उप मुख्य मंत्री(स्वास्थ्य) ने आशा एवं आशा

फैसिलेटेटरों को राज्य निधि से देय पारितोषिक राशि रु. 1000/- प्रतिमाह को बढ़ाकर रु. 2500/- प्रतिमाह किए जाने पर सहमति व्यक्त की थी;

(ग) क्या यह सही है कि पारितोषिक शब्द को बदलकर मानदेय करने के प्रावधान पर भी सहमति बनी थी;

(घ) क्या यह सही है कि राज्य सराकर द्वारा अप्रैल 2019 से राज्य निधि द्वारा देय पारितोषिक कई आशा कार्यकर्ताओं को (अप्रैल 2019 से नवंबर 2020 तक) नहीं मिला है. इस बकाए राशि का आकलन करके भुगतान करने का भी आश्वासन दिया गया था;

(ङ)यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सहमति पत्र के अनुसार अपने आश्वासन को पूरा करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों नहीं?

----

## कर्मियों का स्थानान्तरण

*16 **प्रो. (डा.) वीरेन्द्र नारायण यादव (स्नातक सारण):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) क्या यह सही है कि सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा निरूपित निदेश के आलोक में तीन वर्षों से अधिक एक ही स्थान पर पदस्थापित कर्मियों का स्थानान्तरण करने का प्रावधान है ;

(ख) क्या यह सही है कि स्वास्थ्य विभाग के प्रशाखा-4 में कई कर्मी वर्षों से एक ही प्रशाखा में जमे हुए हैं, जिससे वे स्वेच्छाचारी हो गये हैं और मनमाने ढंग से कार्य करते हैं ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा निरूपित निदेश के आलोक में ऐसे कर्मियों का स्थानान्तरण कराना चाहती है, यदि हाँ तो कबतक ,नहीं तो क्यों ?

----

## राज्य में उद्योग

*17 **प्रो. (डा.) राजवर्धन आजाद (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **उद्योग** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) क्या यह सही है कि पिछले वर्षों में राज्य में औद्योगिक निवेश मेला का आयोजन किया गया और इसके फलस्वरूप कितने उद्योग राज्य में लगाये गये और उनमें से कितने कार्यरत हैं;

(ख) क्या यह सही है कि हमारे राज्य में वन स्टॉप शॉप की व्यवस्था है, अगर है तो राज्य में उद्योग लगाने के लिये कितनी अवधि में सारी प्रक्रिया पूरी की जा सकती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य में उद्योग लगाने एवं वन स्टॉप शॉप की व्यवस्था कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## नंगा तार हटाने के संबंध में

***18 श्री अफाक अहमद खां (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **ऊर्जा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि ग्रामीण विद्युतिकरण के लिए उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति हेतु सार्वजनिक स्थलों पर पोल गाड़ कर सार्वजनिक स्थलों से ही तार छाजन कर आपूर्ति करने का प्रावधान है;

(ख) क्या यह सही है कि सारण जिलान्तर्गत बनियापुर प्रखंड के ग्राम- कन्होली मनोहर मिसकारी टोला के वाहिद हुसैन की निजी जमीन एवं घर के उपर से नंगा तार द्वारा उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति की जा रही है;

(ग) क्या यह सही है कि वाहिद हुसैन उपभोक्ता सं0- 12430044777 द्वारा नंगा तार एवं पोल को हटाने हेतु स्थानीय पदाधिकारी को कई बार आवेदन दिया गया, परन्तु स्थिति यथावत है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पोल एवं तार को घर के उपर से हटाने का विचार रखती है ,यदि हां तो कबतक ?

----

## नया विद्युत पोल कबतक

***19 श्री अशोक कुमार पाण्डेय (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **ऊर्जा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिला के मुहल्ला- दुजरा (देवी स्थान) के पास श्री राज कॉम्प्लेक्स अपार्टमेंट की पूर्वी चहारदीवारी से सटे पहला पोल एवं दूसरा जर्जर पोल में कवरयुक्त मोटा तार (दो फेज) में जोड़ा गया है;

(ख) क्या यह सही है कि खंड (क) में वर्णित कवरयुक्त मोटा तार में कनेक्शन हेतु डी.पी. बॉक्स नहीं लगाया गया है, जिसके कारण बार-बार विद्युत विच्छेद होता रहता है;

(ग) क्या यह सही है कि खंड (क) में वर्णित जर्जर पोल के पूरब भी एक पोल टूट कर गिरा हुआ है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (क) में वर्णित जर्जर पोल को हटाते हुए उक्त पोल से उत्तर समुचित स्थान पर नया पोल गाड़ने एवं

उक्त पोल में ही जोड़ा गया कवरयुक्त मोटा तार (दो फेज) में डी.पी. बॉक्स लगाने के साथ ही साथ पूरब में भी टूटे हुए पोल के स्थान नया विद्युत पोल लगाना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## नल-जल उपलब्ध कब तक

*20 **श्री तरुण कुमार (समस्तीपुर स्थानीय प्राधिकार):**

क्या मंत्री, **लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) क्या यह सही है कि रोहतास जिला अंतर्गत संझौली प्रखंड के ग्राम पंचायत- करमैनी कलां के करमैनी कलां ग्राम में मुख्यमंत्री नल-जल योजना के अंतर्गत पीने के पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है ;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त योजना के बन्द होने से ग्रामवासियों को पीने के पानी की किल्लत है;

(ग) क्या यह सही है कि नल-जल को चालू कराने हेतु ग्रामवासियों द्वारा कई बार प्रयास किया गया है, परन्तु पानी की आपूर्ति अब तक नहीं हो पा रही है ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त योजना से ग्रामवासियों को जल की आपूर्ति कराना चाहती है , यदि हाँ तो कब तक , नहीं तो क्यों?

----

## उच्च क्षमता का नया ट्रांसफार्मर कब तक

*21 **श्री अशोक कुमार अग्रवाल ( कटिहार त्रिस्तरीय पंचायती राज):**

क्या मंत्री, **ऊर्जा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) क्या यह सही है, कि कटिहार शहरी क्षेत्र में विद्युत उपभोक्ताओं की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है ;

(ख) क्या यह सही है, कि पूर्व से स्थापित विद्युत ट्रांसफार्मर पर विद्युत उपभोक्ताओं की वृद्धि के चलते अधिक भार पड़ रहा है ;

(ग) क्या यह सही है, की विद्युत ट्रांसफार्मर पर अत्यधिक भार होने के चलते विद्युत आपूर्ति एवं लो-वोल्टेज की समस्या उत्पन्न होती रहती है ;

(घ) यदि उपर्युकत खडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार विद्युत आपूर्ति से हो रही समस्या को देखते हुए आवश्यकतानुसार शहरी क्षेत्र के वार्डों में उच्च क्षमता का नया ट्रांसफार्मर लगवाने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## सेवा संपुष्टि कब तक

***22 डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य के सभी राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल में वर्ष 2019 में व्याख्याताओं (Lecturers) की नियुक्ति हुई है;

(ख) क्या यह सही है कि नियुक्ति के दो वर्षों के बाद विभाग द्वारा सेवा संपुष्टि करने का प्रावधान है, परंतु पांच (05) वर्षों से अधिक समय बीत जाने के बावजूद भी वर्ष 2019 में नियुक्त व्याख्याताओं की सेवा संपुष्टि नहीं की गयी है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड 'क' में वर्णित व्याख्याताओं की सेवा संपुष्टि कब तक कराने का विचार रखती है?

----

## पुनः निविदा कब तक

***23 प्रो. (डा.) नवल किशोर यादव (शिक्षक पटना):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि मुख्य महाप्रबंधक (आपूति श्रृंखला) बी.एम.एस.आई.सी.एल. संचिका सं० - BMSIC/20045/02-2023 द्वारा राज्य के सभी स्वास्थ्य सेवाओं मे आउट सोर्सिंग के आधार पर मानव सेवा बल की सेवा उपलब्ध कराने हेतु Empanelment के लिए दस एजेंसियों के बीच Computerised Random Allocation System के माध्यम से दिनांक 09.02.2024 निविदादाता के समक्ष जिला का आवंटन किया गया ;

(ख) क्या यह सही है कि बिहार सरकार, गृह विभाग के पत्रांक जी/नि०सु०अ० 14272019, पत्रांक 4539/06.06.2024 के आदेश का उलंघन करते हुए बिना अनुज्ञप्तिधारी निजी सुरक्षा एजेंसी को अवैध रूप से कार्य आवंटित किया गया है;

(ग) क्या यह सही है क्रमांक 8, क्रमांक 5 एवं अन्य का निविदा आवंटन बिना चरित्र प्रमाण-पत्र एवं बिना अर्हता का पालन करते हुए नियम का उलंघन कर निविदा दे दी गयी है, जो अति गंभीर मामला है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नियम का उलंघन कर बिना चरित्र प्रमाण-पत्र के निविदा आवंटित करने वाले पदाधिकारियों पर प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए यथाशीघ्र पुनः निविदा प्रकाशित करना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## पेयजल उपलब्ध कब तक

***24 श्री खालिद अनवर (विधान सभा)ः**

क्या मंत्री, **लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) क्या यह सही है कि बिहार सरकार ने ग्रामीण लोगों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए नल-जल योजना लागू किया है;

(ख) क्या यह सही है कि गया जिले के बाराचट्टी प्रखण्ड अंतर्गत सरवां पंचायत में नल तो अत्यधिक घरों में लगे हुए हैं अपितु जल के लिए लोग बूंद-बूंद को तरस रहे हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शीघ्र इन ग्रामीणों को पेयजल आपूर्ति कराना चाहती है, यदि हां तो कब तक ?

----

## उद्योग लगाने के लिए मदद

***25 श्री सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा)ः**

क्या मंत्री, **उद्योग** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क)क्या यह सही है कि बिहार मे उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए बियाडा की स्थापना की गई है, बिहार में कितने जगह बियाडा के औद्योगिक क्षेत्र हैं और उनके भूखंडों की क्या उपलब्धता है ;

(ख) क्या यह सही है कि नयी औद्योगिक इकाइयों को बियाडा में जमीन की उपलब्धता हेतु सरकार के पास आवंटन होने वाले भूखंडों हेतु पेमेंट की व्यवस्था एकमुश्त है या इंस्टॉलमेंट है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार यह बतलायेगी कि उद्योग लगाने के लिए बियाडा में भुगतान की व्यवस्था अगर एकमुश्त है तो इसे बैंक ऋण की तरह 5 से 10 सालों में भुगतान करने की व्यवस्था क्यों नहीं की जा सकती है, जिससे कि उद्योग लगाने वाले लोगों को मदद मिल सके ?

----

## जमीन वापस कब तक

***26 श्री राधाचरण साह (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर)ः**

क्या मंत्री, **गन्ना उद्योग** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) क्या यह सही है कि वर्ष-2023 में सर्वश्री विन्सन इंजीनियरिंग को समस्तीपुर चीनी मिल की जमीन राज्य सरकार द्वारा ऑक्शन के माध्यम से दी गयी है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त कंपनी को उक्त चीनी मिल की जमीन में गन्ना एवं जूट सम्बधी उद्योग की स्थापना करने की शर्तों पर राज्य सरकार द्वारा दी गयी है;

(ग) क्या यह सही है कि सर्वश्री विन्सन इंजीनियरिंग द्वारा उक्त चीनी मिल का स्क्रैप तो बेच दिया गया है, लेकिन अभी तक इनके द्वारा उक्त जमीन पर किसी भी प्रकार की औद्योगिक गतिविधियाँ प्रारंभ नहीं की गयी हैं;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ऑक्शन की शर्तों के उल्लंघन करने के आलोक में सर्वश्री विन्सन इंजीनियरिंग को दी गयी समस्तीपुर चीनी मिल की जमीन को वापस लेने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कब तक?

----

## खराब चापाकल की मरम्मती

*27 **श्रीमती निवेदिता सिंह (मनोनीत)ः**

क्या मंत्री, **लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) क्या यह सही है, कि रोहतास जिले में लगभग तीन वर्षों से नब्बे (90) प्रतिशत चापाकल खराब पड़े है, जिसके कारण आमजनों को पेयजल की असुविधा हो रही है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार रोहतास जिला के सभी खराब चापाकल की मरम्मती कराकर उसे पुनः चालू कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## पुराने एल्युमिनियम तारों का बदलाव

*28 **प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक)ः**

क्या मंत्री, **ऊर्जा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) क्या यह सही है कि गया जिले के कंडी पंचायत अन्तर्गत बीथो शरीफ दुर्गा मंदिर स्थित ट्रांसफार्मर से विश्वकर्मा मंदिर तक बिजली के नये पी- वी- सी- तार लगाये गये है;

(ख) क्या यह सही है कि बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा नये पी- वी- सी- तार लगाये जाने के बावजूद पुराने एल्युमिनियम के तार को अभी तक खोलकर हटाया नहीं गया है, जिससे सॉर्ट-सर्किट लगने की संभावना बनी रहती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं , तो सरकार कबतक पुराने एल्युमिनियम के तार को हटवाने का विचार रखती है?

----

## शीघ्र पानी की जांच सुनिश्चित

*29 **श्री महेश्वर सिंह (पूर्वी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) क्या यह सही है कि "हर घर नल से जल" योजना अंतर्गत पानी की जांच के लिए लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा खरीद की गई नौ हजार मल्टी पैरामीटर फील्ड टेस्ट किट में से साढ़े आठ हजार किट एक्सपायर कर गये;

(ख) क्या यह सही है कि कुल 36 हजार गांवों में जाकर इस किट से पानी की जांच की जानी थी, लेकिन दो साल में मात्र 6 हजार 396 गांवों में ही पानी की जांच हो सकी है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जांच कराकर शीघ्र पानी की जांच सुनिश्चित करने तथा साढ़े आठ हजार किट खराब होने के लिए दोषी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों पर जवाबदेही सुनिश्चित कर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, यदि नहीं तो क्यों?

----

## कौआकोल प्रखंड अंतर्गत पावर सब स्टेशन

*30 **श्री अशोक कुमार (स्थानीय प्राधिकार, नवादा):**

क्या मंत्री, **ऊर्जा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) क्या यह सही है कि नवादा जिला के कौआकोल प्रखंड अंतर्गत पावर सब स्टेशन में 3.15 M.V.A. का ट्रांसफार्मर लगा हुआ है, जिसपर लोड काफी पड़ जाने के कारण हमेशा जल जाता है, जिसके कारण ग्रामीणों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(ख) क्या यह सही है कि सब स्टेशन कौआकोल में 3.15 M.V.A. के स्थान 5 M.V.A करवा दिया जाय तो ग्रामीणों को बिजली की समस्या से निजात मिल सकेगी ;

(ग) यदि उपरोक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ग्रामीणों के हित में पावर सब स्टेशन कौआकोल में 3.15 M.V.A. का ट्रांसफार्मर के स्थान पर 5 M.V.A. का ट्रांसफार्मर लगाना चाहती है, यदि हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## नए अस्पताल के भवन का निर्माण

*31 **श्री सच्चिदानंद राय (स्थानीय प्राधिकार, सारण):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) क्या यह सही है कि सारण जिला अंतर्गत रेफरल अस्पताल, तरैया मे 30 बेड के नए अस्पताल भवन निर्माण के लिए दिनांक 23 फरवरी 2023 को ले आउट, पिलर ढलाई का कार्य प्रारंभ किया गया तथा दो माह बाद निर्माण कार्य बंद हो गया है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त अस्पताल के पुराने जर्जर भवन को आधिकारिक रूप से उपयोग के लिए अनुपयुक्त घोषित किया जा चुका हैं;

(ग) यदि उपर्युक्तखंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नए अस्पताल के भवन का निर्माण कराने का विचार रखती हैं, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## नियुक्ति कब तक

*32 **श्रीमती शशि यादव (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि स्वास्थ्य विभाग में कालाजार उन्मूलन के लिए वर्षो से मौसमी कर्मचारी / डीडीटी छिड़काव कर्मी दैनिक वेतन पर काम कर रहे हैं;

(ख) क्या यह सही है कि विभागीय पत्राक-4007 (24) दिनाक 27-12-1991 एवं अन्य आदेश के द्वारा समूह(घ) के रिक्त पदों पर उक्त कर्मियों के नाम जिला स्तरीय पैनल सूची में दर्ज कर नियुक्ति करने का आदेश दिया गया था ;

(ग) क्या यह भी सही है कि विभागीय आदेश के आलोक में कुछ जिलों को छोड़कर अभी तक डीडीटी छिड़काव कर्मियों की स्थायी नियुक्ति अबतक नहीं की जा सकी है ;

(घ) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार डीडीटी छिड़काव कर्मियों को समूह (घ)/कार्यालय परिचारी के स्थायी पदों पर जिला स्तरीय पैनल से नियुक्ति करना चाहती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## चीनी मिल चालू कब तक

*33 **प्रो. (डा.) राजवर्धन आजाद (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **गन्ना उद्योग** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि वर्तमान में राज्य में कितनी चीनी मिलें चल रहीं हैं और कितनी बन्द हैं, और जो बन्द हैं वे कब से बन्द हैं;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य सरकार द्वारा इनके पुनः संचालन के लिये क्या कदम उठाये गये हैं;

(ग) क्या यह सही है कि अबतक बन्द पड़ी चीनी मिलों से राज्य को कितना राजस्व घाटा हुआ है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकरात्मक हैं, तो सरकार बन्द पड़ी चीनी मिलों को कब तक चालू कराना चाहती है ?

----

## मोटर स्टार्टर यंत्र

***34 श्री अनिल कुमार (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) क्या यह सही है कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में सरकार द्वारा पेयजल हेतु पानी टंकी समरसेबल लगाया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि सरकार द्वारा स्थापित समरसेबल ग्रामीणों द्वारा चालू करके छोड़ दिया जाता है, जिससे टंकी से अतिरिक्त पानी निकलते रहता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य में स्थापित सभी पानी टंकी सहित समरसेबल ऑटोमेटिक स्टॉप एवं स्टार्ट मोटर स्टार्टर यंत्र लगाने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## बिजली तार भूमिगत कब तक

***35 श्री अशोक कुमार अग्रवाल ( कटिहार त्रिस्तरीय पंचायती राज):**

क्या मंत्री, **ऊर्जा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) क्या यह सही है कि कटिहार नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत सभी मुख्य बाजारों में दिनों-दिन भीड़ की स्थिति बढ़ती जा रही है;

(ख) क्या यह सही है कि मुख्य बाजारों में सड़क किनारे लगे बिजली तार से बढ़ती भीड़-भाड़ के चलते जान- माल की क्षति होने का खतरा बना रहता है;

(ग) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार निगम क्षेत्र के मुख्य बाजारों में सड़क किनारे स्थित बिजली के तार को सुरक्षा की दृष्टि से भूमिगत कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक,नहीं तो क्यों?

----

## सोलर प्रोत्साहन राशि

***36 श्री सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा):**

क्या मंत्री, **ऊर्जा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) क्या यह सही है कि सोलर ऊर्जा की असीम संभावनायें जो पूरे देश में हैं , बिहार में भी इसकी बहुत संभावना है ;

(ख) क्या यह सही है कि केंद्र सरकार ने एक करोड़ घरों पर सोलर से विद्युत उत्पादन हेतु प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना का शुभारंभ किया है जिसमें केंद्र सरकार ने इस योजना

हेतु वित्तीय प्रोत्साहन की राशि को भी बढ़ाया है ,तो  बिहार राज्य में भी सरकार द्वारा घरों पर रुफ़-टॉप सोलर लगाने के लिए कोई संख्यात्मक लक्ष्य निर्धारण किया गया है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार केंद्र सरकार के अतिरिक्त रुफ़-टॉप सोलर मे बिहार सरकार अलग से कोई प्रोत्साहन राशि देना चाहती है, यदि  हां तो कब तक ?

----

## तार को हटाने की कार्रवाई कबतक

***37** **प्रो.** (**डा.**) **वीरेन्द्र नारायण यादव** (**स्नातक सारण**)**:**

क्या मंत्री, **ऊर्जा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सिवान जिला अंतर्गत प्रखंड गोरेयाकोठी के हरपुर गांव में एक खेल का मैदान है जिसमे प्रत्येक वर्ष फुटबॉल एवं क्रिकेट प्रतियोगिता होती है ;

(ख) क्या खेल मैदान के बीचों-बीच बिजली का पोल एवं तार गुजर रहा है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खेल मैदान के बीचों-बीच स्थित बिजली का पोल एवं तार को हटाना चाहती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----